राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना ही हमारा राष्ट्र धर्म है- डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी|

इटावा,15 अगस्त।

जनता कॉलेज बकेवर में अमृत महोत्सव क्रम में राष्ट्र रक्षा संकल्प की शपथ लेते हुए कॉलेज परिवार द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया | जिसमें प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने कॉलेज परिवार के साथ ध्वजारोहण किया और अपने उद्बोधन में कहा प्रत्येक व्यक्ति के लिए राष्ट्र- प्रथम होना चाहिए , राष्ट्र धर्म सबसे बड़ा धर्म है, हमें इस बात को समझना चाहिए ,यही आजादी की लड़ाई में शहादत देने वाले शहीदों का संकल्प था, उनके लिए पूरा भारत उनका परिवार था , वे वसुधैव कुटुंबकम की भावना को अपने मन वचन और कर्म से जीते थे। प्रमुख अनुशासन अधिकारी डॉ ए0के0 पांडेय , डॉ महेश प्रसाद यादव ,डॉ एम0पी0 सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. मनोज यादव ,डॉ योगेश शुक्ला, पुस्तकालय अधीक्षक रामदास वर्मा , कुलदीप अवस्थी ,अश्वनी कुमार मिश्रा, अविनाश तिवारी आदि कॉलेज परिवार के सदस्यों सहित छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा नंदिनी बी.एस-सी. तृतीय सेमेस्टर द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के पाठ के साथ किया गया, हर्ष शर्मा, एकता शर्मा आदि ने अपनी देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी | विशिष्ट अतिथि की भूमिका में पूर्व कैप्टन हृदय नारायण पाठक की उपस्थिति रही , कॉलेज परिवार द्वारा उनका स्वागत और अभिनंदन अंग वस्त्र ओढ़ाकर किया गया | कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य द्वारा मिष्ठान वितरण कराते हुए कॉलेज परिवार का आभार व्यक्त किया गया | कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा द्वारा किया गया| डॉ ज्योति भदौरिया , डॉ इंदु बाला मिश्रा ,डॉ प्रमोद कुमार राजपूत ,डॉ देव नारायण सिंह, डा0 योगेश शुक्ला, अरविंद चौधरी, डॉ. प्रकाश दुबे, अश्वनी कुमार मिश्र, अजय कुमार शर्मा , पवन कुमार सक्सेना , शिव मोहन अग्निहोत्री कुलदीप अवस्थी , देवेश चतुर्वेदी , सुनील शुक्ला, आकाश चौधरी ,मनोज कुमार दीक्षित, स्वतंत्र कुमार, अविनाश तिवारी , शैलेंद्र मूर्तिकार , गजेंद्र सिंह, रुस्तम बाबू आदि ने सहयोग प्रदान किया|